भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-2310

उत्तर देने की तारीख-03/08/2026

राजनंदगाँव में नवोदय विद्यालयों और केंद्रीय विद्यालयों की स्थापना

2310. **श्री संतोष पांडेय:**

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का छत्तीसगढ़ के राजनंदगाँव लोक सभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी और खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिलों में नवोदय विद्यालय तथा केंद्रीय विद्यालय स्थापित करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में नवोदय विद्यालय की स्थापना के लिए भूमि का चयन/अधिग्रहण कर लिया गया है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इन विद्यालयों की स्थापना के लिए क्या समय सीमा निर्धारित की गई है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री जयन्त चौधरी)

(क) से (ग): नवोदय विद्यालय योजना के अंतर्गत देश के प्रत्येक जिले में एक नवोदय विद्यालय खोलने की परिकल्पना की गई है। कवर न किए गए जिलों में नए नवोदय विद्यालय खोलना एक सतत् प्रक्रिया है जो स्थायी भवन के निर्माण के लिए अपेक्षित उपयुक्त भूमि नि:शुल्क उपलब्ध कराने और स्थायी भवन का निर्माण होने तक विद्यालय चलाने के लिए अपेक्षित अस्थायी भवन निशुल्क उपलब्ध कराने के लिए संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन की इच्छा पर निर्भर करती है। नए नवोदय-विद्यालयों की स्वीकृति और खोलना मौजूदा प्रक्रियाओं के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदन पर निर्भर करता है। नवोदय विद्यालय समिति (नविस) से प्राप्त सूचना के अनुसार, छत्तीसगढ़ के मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी और खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिलों में वर्तमान में नवोदय विद्यालय नहीं है। आज की तारीख तक, छत्तीसगढ़ के 27 जिलों को इस योजना के अंतर्गत शामिल किया गया है और इन जिलों में 28 नवोदय विद्यालय कार्यात्मक हैं।

नए केन्द्रीय विद्यालय खोलना एक सतत् प्रक्रिया है। केन्द्रीय विद्यालय मुख्य रूप से पूरे देश में शिक्षा का एक सामान कार्यक्रम प्रदान करने हेतु रक्षा और अर्ध-सैनिक कर्मियों, केंद्रीय स्वायत्त निकायों, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) और केंद्रीय उच्च शिक्षा संस्थान (आईएचएल) सहित केंद्र सरकार के स्थानांतरणीय कर्मचारियों के बच्चों की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए खोले जाते हैं। नए केन्द्रीय विद्यालय खोलने के प्रस्ताव भारत सरकार के मंत्रालयों या विभागों/राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों (यूटी) प्रशासनों द्वारा प्रायोजित किए जा सकते हैं, जिनमें मानदंडों के अनुसार एक नया केन्द्रीय विद्यालय स्थापित करने के लिए भूमि और अस्थायी आवास सहित अपेक्षित संसाधन उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता शामिल है। आज की स्थिति के अनुसार छत्तीसगढ़ में 40 केन्द्रीय विद्यालय कार्यात्मक हैं। केन्द्रीय विद्यालय संगठन (केविसं) से प्राप्त सूचना के अनुसार, छत्तीसगढ़ के राजनंदगाँव लोक सभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी और खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिलों में नए केन्द्रीय विद्यालय खोलने के लिए संबंधित राज्य सरकार/जिला प्रशासन से कोई व्यवहार्य प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

*****